मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 29/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --505/2025
29 अगस्त 2025
घोड़ाबांधा, जमशेदपुर
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन संग आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्मृति शेष-रामदास सोरेन जी के "संस्कार भोज" में सम्मिलित होने घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित उनके आवास पहुंचे।
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्मृति शेष-स्व० रामदास सोरेन जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दी उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कामना की, शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर जताई गहरी संवेदना।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन संग आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे स्मृति शेष-स्व० रामदास सोरेन जी के "संस्कार भोज" में सम्मिलित होने घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत मंत्री स्व० रामदास सोरेन जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई।

मुख्यमंत्री ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने स्मृति शेष-स्व० रामदास सोरेन जी की धर्मपत्नी श्रीमती सूरजमनी सोरेन एवं उनके पुत्र श्री सोमेश चंद्र सोरेन तथा अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने यहां मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी लोग स्मृति शेष-मंत्री रामदास सोरेन जी के आवास पर पहुंचे हैं। आदरणीय गुरुजी के निधन के महज कुछ दिनों के बाद ही रामदास सोरेन जी का भी आकस्मिक निधन हुआ। इन दोनों विभूतियों का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्मृति शेष-स्व० रामदास सोरेन जी के चाहने वाले एवं उनके सगे-संबंधी यहां पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। हमारी ओर से भी स्मृति शेष-स्व० रामदास सोरेन जी को शत शत नमन! विनम्र श्रद्धांजलि।

===================

#Team PRD(CMO)